## महालेखाकारों के कार्यालय, केरल
## OFFICES OF THE ACCOUNTANTS GENERAL, KERALA

सं. हिंदी कक्ष/हि.प.स.2026/2026-27/ दिनांक.14.08.2026

### परिपत्र / CIRCULAR

### विषय : हिंदी पखवाड़ा समारोह 2026
### Sub: Hindi Fortnight Celebrations 2026

महालेखाकार (लेखापरीक्षा-I), महालेखाकार (लेखापरीक्षा-II) एवं महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), केरल के संयुक्त तत्वावधान में प्रधान कार्यालय, तिरुवनंतपुरम एवं शाखा कार्यालयों में निम्नानुसार हिंदी पखवाड़ा समारोह 2026 मनाने का निर्णय किया गया है।

It has been decided to organise Hindi Fortnight Celebrations 2026 under the joint aegis of the offices of the Accountant General (Audit-I), Accountant General (Audit-II) and Accountant General (A&E), Kerala at Main Office, Thiruvananthapuram and Branch Offices, as below.

| | |
|---|---|
| प्रधान कार्यालय, तिरुवनंतपुरम<br>Main Office, Thiruvananthapuram | हिंदी पखवाड़ा / Hindi Fortnight<br>14.09.2026-29.09.2026 |
| शाखा कार्यालय, तृश्शूर/Branch Office, Thrissur | हिंदी पखवाड़ा / Hindi Fortnight<br>14.09.2026-25.09.2026 |
| शाखा कार्यालय, कोझिकोड़/Branch Office, Kozhikode | |
| शाखा कार्यालय, एरणाकुलम/Branch Office, Ernakulam | |
| शाखा कार्यालय, कोट्टयम/Branch Office, Kottayam | |

**14.09.2026 (सोमवार/ Monday)**

**हिंदी दिवस का पालन एवं राजभाषा प्रतिज्ञा**
**Observance of Hindi Day & Official Language Pledge**

14.09.2026 (सोमवार) को प्रधान कार्यालय एवं शाखा कार्यालयों में हिंदी दिवस का पालन करते हुए अधिकारियों/ कर्मचारियों द्वारा पूर्वाह्न 11.00 बजे राजभाषा प्रतिज्ञा ली जाएगी।

14.09.2026 (Monday) will be observed as Hindi Day and Rajbhasha Pledge will be taken by the officers/officials at 11.00 am at Main Office and Branch Offices.

## प्रतियोगिताएं/ COMPETITIONS

प्रधान कार्यालय एवं शाखा कार्यालयों में राजभाषा हिंदी को बढ़ावा देने वाली विभिन्न प्रतियोगिताएं निम्न कार्यक्रम के अनुसार आयोजित की जाएंगी।

Various competitions to promote Official Language Hindi will be organized at Main Office and Branch Offices, as per the following programme.

### प्रधान कार्यालय, तिरुवनंतपुरम/ Main Office, Thiruvananthapuram

अधिकारियों/ कर्मचारियों के लिए दिनांक 08.09.2026 से 10.09.2026 तक लिखित प्रतियोगिताएँ तथा दिनांक 18.09.2026 व 21.09.2026 को मौखिक एवं समूह प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएँगी।

Written competitions will be held from 08.09.2026 to 10.09.2026 and oral and group competitions will be held on 18.09.2026 and 21.09.2026, for the officers/ employees.

| क्र.सं.<br>Sl No. | तारीख<br>Date | समय<br>Time | | प्रतियोगिता की मद<br>Item of Competition |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 08.09.2026<br>मंगलवार<br>Tuesday | पूर्वाह्न 10.30 से 11.15 बजे तक<br>10.30 am to 11.15 am<br>(45 मिनट/Minutes) | (1) | निबंध लेखन<br>Essay Writing |
| | | मध्या.12.00 से अप.12.20 बजे तक<br>12.00 Noon to 12.20 pm<br>(20 मिनट/ Minutes) | (2) | वर्णानुक्रम<br>Varnanukram |
| | | अपराह्न 02.30 से 03.30 बजे तक<br>02.30 pm – 03.30 pm<br>(1 घंटा/Hour) | (3) | टिप्पण एवं आलेखन<br>Noting & Drafting |
| | | अपराह्न 03.45 से 04.45 बजे तक<br>03.45 pm to 04.45 pm<br>(1 घंटा/Hour) | (4) | अंग्रेजी से हिंदी में और विलोमतः अनुवाद / Translation from English to Hindi & vice versa |
| 2. | 09.09.2026<br>बुधवार<br>Wednesday | पूर्वाह्न 10.30 से 11.15 बजे तक<br>10.30 am to 11.15 am<br>(45 मिनट/Minutes) | (5) | कथा रचना<br>Story Writing |
| | | पूर्वाह्न 11.30 से अप.12.15 बजे तक<br>11.30 am to 12.15 pm<br>(45 मिनट/ Minutes) | (6) | कविता रचना<br>Poetry Writing |
| | | अपराह्न 02.30 से 02.40 बजे तक<br>02.30 pm – 02.40 pm<br>(10 मिनट/ Minutes) | (7) | सुलेखन<br>Calligraphy |
| | | अपराह्न 03.00 से 03.30 बजे तक<br>03.00 pm to 03.30 pm<br>(30 मिनट/ Minutes) | (8) | हस्तलेखन<br>Handwriting |
| 3. | 10.09.2026<br>गुरुवार<br>Thursday | पूर्वाह्न 11.00 से 11.45 बजे तक<br>11.00 am to 11.45 am<br>(45 मिनट/Minutes) | (9) | प्रशासनिक हिंदी<br>Administrative Hindi |
| 4. | 18.09.2026<br>शुक्रवार<br>Friday | पूर्वाह्न 10.30 बजे से<br>10.30 am onwards | (10) | कविता पाठ<br>Recitation |
| | | पूर्वाह्न 11.30 बजे से<br>11.30 am onwards | (11) | आशु भाषण<br>Extempore Speech |
| | | अपराह्न 02.00 बजे से<br>02.00 pm onwards | (12) | हिंदी गीत एकल – महिला<br>Hindi Song Solo – Ladies |
| | | अपराह्न 03.00 बजे से<br>03.00 pm onwards | (13) | हिंदी गीत एकल – पुरुष<br>Hindi Song Solo – Gents |
| | | अपराह्न 04.00 बजे से<br>04.00 pm onwards | (14) | देशभक्ति गीत (समूह)<br>Patriotic Song (Group) |
| प्रतियोगिता सं.10 से 14 तक के लिए प्रत्येक प्रतिभागी/टीम को 5 मिनट का समय दिया जाएगा ।<br>5 minutes time will be given to each participant/team for competition nos. 10 to 14 | | | | |
| 5. | 21.09.2026<br>सोमवार<br>Monday | पूर्वाह्न 10.30 बजे से<br>10.30 am onwards | (15) | प्रश्नोत्तरी<br>Quiz |
| | | अपराह्न 03.00 बजे से<br>03.00 pm onwards | (16) | अंताक्षरी<br>Antakshari |

## शाखा कार्यालय, तृश्शूर / Branch Office, Thrissur

| क्र.सं. Sl No. | तारीख Date | समय Time | | प्रतियोगिता की मद Item of Competition |
|---|---|---|---|---|
| 1. | **08.09.2026 मंगलवार Tuesday** | पूर्वाह्न 11.00 बजे से<br>11.00 am onwards<br>(45 मिनट/ Minutes) | (1) | प्रशासनिक हिंदी<br>Administrative Hindi |
| | | अपराह्न 2.00 बजे से<br>2.00 pm onwards<br>(1 घंटा/ Hour) | (2) | पोस्टर डिज़ाइनिंग<br>Poster Designing |
| 2. | **09.09.2026 बुधवार Wednesday** | पूर्वाह्न 11.00 बजे से<br>11.00 am onwards<br>(45 मिनट/ Minutes) | (3) | निबंध लेखन<br>Essay Writing |
| | | अपराह्न 02.00 बजे से<br>02.00 pm onwards<br>(20 मिनट/ Minutes) | (4) | वर्णानुक्रम<br>Varnanukram |
| 3. | **10.09.2026 गुरुवार Thursday** | पूर्वाह्न 11.00 बजे से<br>11.00 am onwards<br>(30 मिनट/ Minutes) | (5) | हस्तलेखन<br>Handwriting |
| | | अपराह्न 2.00 बजे से<br>2.00 pm onwards<br>(10 मिनट/ Minutes) | (6) | सुलेखन<br>Calligraphy |

## शाखा कार्यालय, एरणाकुलम, कोट्टयम एवं कोऴिकोड़
## Branch Offices, Ernakulam, Kottayam & Kozhikode

| क्र.सं. Sl No. | तारीख Date | समय Time | | प्रतियोगिता की मद Item of Competition |
|---|---|---|---|---|
| 1. | **07.09.2026 सोमवार Monday** | पूर्वाह्न 10.00 से 11.00 बजे तक<br>10.00 am to 11.00 am<br>(1 घंटा/ Hour) | (1) | पोस्टर डिज़ाइनिंग<br>Poster Designing |
| | | पूर्वाह्न 11.30 से 12.00 बजे तक<br>11.30 am to 12.00 noon<br>(30 मिनट/ Minutes) | (2) | हस्तलेखन<br>Handwriting |
| | | अपराह्न 02.00 से 02.45 बजे तक<br>02.00 pm – 02.45 pm<br>(45 मिनट/ Minutes) | (3) | प्रशासनिक हिंदी<br>Administrative Hindi |
| | | अपराह्न 03.00 से 03.30 बजे तक<br>03.00 pm – 03.30 pm<br>(30 मिनट/ Minutes) | (4) | श्रुतलेखन<br>Dictation |

**प्रधान कार्यालय एवं शाखा कार्यालयों में आयोजित की जाने वाली उपर्युक्त प्रतियोगिताओं से संबंधित अनुदेश परिशिष्ट के रूप में संलग्न है ।*

*The instructions regarding the above competitions to be held at Main Office and Branch Offices are attached as appendix.*

**राजभाषा जागरूकता कार्यक्रम / Official Language Awareness Programme**

प्रधान कार्यालय, तिरुवनंतपुरम और शाखा कार्यालय, तृश्शूर में अधिकारियों के लिए निम्नानुसार राजभाषा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

Official Language Awareness Programme will be organized for the officers at Main Office, Thiruvananthapuram and Branch Office, Thrissur as below:

| | |
|---|---|
| प्रधान कार्यालय, तिरुवनंतपुरम<br>Main Office, Thiruvananthapuram | **23.09.2026 बुधवार/Wednesday**<br>पूर्वाह्न 10.00 से अपराह्न 01.00 बजे तक<br>10.00 am to 01.00 pm |
| शाखा कार्यालय, तृश्शूर<br>Branch Office, Thrissur | |

**समापन सम्मेलन / Valedictory Function**

हिंदी पखवाड़ा 2026 का समापन सम्मेलन शाखा कार्यालयों में 25.09.2026 को और प्रधान कार्यालय में 29.09.2026 को आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र वितरित किए जाएंगे।

प्रधान कार्यालय एवं शाखा कार्यालयों के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से सादर अनुरोध है कि वे हिंदी पखवाड़ा समारोह 2026 में सक्रिय रूप से भाग लेकर इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना पूर्ण सहयोग दें।

The Valedictory Function of Hindi Fortnight Celebrations 2026 will be organized on 25.09.2026 at Branch Offices and on 29.09.2026 at Main Office. On this occasion prizes and certificates will be awarded to the winners of various competitions.

All the officers and officials of Main Office and Branch Offices are requested to actively participate in the Hindi Fortnight Celebrations 2026 and extend their full cooperation to make this event successful.

**वरिष्ठ उप महालेखाकार (प्रशासन एवं लेप.प्र.स.-I)**
**Sr Dy Accountant General (Admn. &AMG-I)**
**संयोजक, हिंदी पखवाड़ा समारोह आयोजन समिति**
**Convener, Hindi Fortnight Celebration Organising Committee**

**प्रतिलिपि/Copy to:-**

1. सूचना पट्ट/Notice Board
2. महालेखाकार (लेखापरीक्षा-I), महालेखाकार (लेखापरीक्षा-II) एवं महालेखाकार (ले व ह), केरल के प्रधान कार्यालयों एवं शाखा कार्यालयों के सभी अधिकारी और अनुभाग (ई-मेल द्वारा)
   All officers and sections of the Main Offices and Branch Offices of the Accountant General (Audit-I), Accountant General (Audit-II) and Accountant General (A&E), Kerala (by e-mail)

## <u>परिशिष्ट / Appendix</u>

### हिंदी पखवाड़ा समारोह 2026 के सिलसिले में प्रधान कार्यालय एवं शाखा कार्यालयों में आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिताओं से संबंधित अनुदेश

### Instructions regarding the competitions to be held in Main Office and Branch Offices in connection with the Hindi Fortnight Celebrations 2026

प्रतियोगिताओं में भाग लेने के इच्छुक अधिकारी/कर्मचारी, ले व ह/ लेखापरीक्षा-I/ लेखापरीक्षा-II कार्यालय के हिंदी कक्ष में अपना नाम दर्ज कराएं । प्रधान कार्यालय में एक कर्मचारी केवल 5 प्रतियोगिताओं (एकल और समूह) में ही भाग ले सकता है, शाखा कार्यालयों पर यह लागू नहीं होगा । यदि किसी प्रतियोगिता के लिए चार से कम प्रविष्टियाँ मिलती हैं, तो वह प्रतियोगिता रद्द की जाएगी ।

Officials who wish to participate in the competitions shall register their names in the Hindi Cell of A&E/Audit-I/Audit-II office. The officials of Main Office can participate in 5 competitions (solo & group) only, this will not be applicable to Branch Offices. Competitions for which less than four entries are received will be cancelled.

हस्तलेखन, सुलेखन, कविता पाठ, आशुभाषण, पोस्टर डिज़ाइनिंग, देशभक्ति गीत एवं एकल गीत प्रतियोगिताओं से संबंधित नियम एवं विनियम निम्नानुसार हैं:

The rules and regulations regarding Handwriting, Calligraphy, Recitation, Extempore Speech, Poster Designing, Patriotic Song and Solo Song competitions are as follows:

| | |
|---|---|
| 1. | **हस्तलेखन प्रतियोगिता / Handwriting Competition** |
| | प्रतिभागियों को हिंदी में एक अनुच्छेद दिया जाएगा, जिसे उन्हें सफाई से लिखकर निर्धारित समय में प्रस्तुत करना होगा । लेखन के लिए काले या नीले बॉल पॉइंट पेन, फाउंटेन पेन या जेल पेन का उपयोग किया जा सकता है । रबड़ या करेक्शन पेन का उपयोग सख्त वर्जित है ।<br>मूल्यांकन के मानदंड: (i) पठनीयता (लेखन स्पष्ट, सुंदर और पढ़ने में सरल हो ), (ii) प्रवाह (लेखन की सहजता, सुंदरता और प्रवाह), (iii) लेखन की स्वच्छता, सामान्य रूप (अक्षरों, शब्दों और रेखाओं के बीच की दूरी; अक्षर के आकार और रूपों की स्थिरता; वर्तनी)<br>Participants will be given a paragraph in Hindi, which they must write neatly and submit within the allotted time. Black/Blue ballpoint pens, fountain pens or gel pens can be used for writing. The use of eraser or correction pen is strictly prohibited.<br>Criteria for evaluation: (i) Legibility (writing should be clear, beautiful and easy to read), (ii) Flow (smoothness, grace, and flow of writing), (iii) Neatness, General Appearance (spacing between letters, words, and lines; consistency of letter size and forms; spelling) |
| 2. | **सुलेखन प्रतियोगिता / Calligraphy Competition:** |
| | प्रतिभागियों को एक टैगलाइन दी जाएगी । <u>*कैलीग्राफी पेन से लेखन किया जाना अनिवार्य है । कृपया ध्यान दें कि प्रतिभागियों को अपने कैलीग्राफी पेन साथ लाने होंगे, आयोजकों की ओर से ये उपलब्ध नहीं कराए जाएंगे ।*</u> चार्ट पेपर उपलब्ध कराया जाएगा । सामान्य फेल्ट-टिप मार्कर का उपयोग स्वीकार्य नहीं होगा । प्रतिभागी किसी भी प्रकार की सुलेख शैली का उपयोग कर सकते हैं । शब्दों और पंक्तियों के संतुलित संयोजन पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए जिससे कि प्रस्तुति में संतुलन, स्पष्टता और सौंदर्य दिखाई दे।<br>मूल्यांकन के मानदंड: (i) लेखन की कलात्मक सुंदरता, (ii) रेखाओं की शुद्धता और सहजता, (iii) स्लैश या वक्र का संतुलित संयोजन, (iv) सौंदर्य बोध के साथ सामंजस्यपूर्ण संरचना, रेखाओं और आकार पर विशेष बल, (v) शैलियों की विविधता और (vi) उपकरणों और तकनीकों का उचित एवं प्रभावी उपयोग । |

| | |
|---|---|
| | Participants will be provided with a tagline. *Lettering must be created using a calligraphy pen. Please note that participants must bring their own calligraphy pens, as it will not be provided by the organizers*. Chart paper will be provided. The use of ordinary felt-tip markers is not permitted. Participants are free to use any style of calligraphy. Special Attention should be paid to the overall composition or arrangement of words and lines to ensure balance, clarity and aesthetic appeal.<br>Criteria for evaluation: (i) artistic beauty of handwriting, (ii) correctness and smoothness of strokes (iii) balanced arrangement of slashes or curves (iv) harmonious structure with aesthetic appeal, emphasis on line and form, (v) diversity of styles and (vi) proper use of tools and techniques. |
| **3.** | **कविता पाठ प्रतियोगिता / Recitation Competition** |
| | प्रतियोगी को हिंदी भाषा की कोई भी कविता चुननी होगी, जो या तो स्वरचित हो या किसी प्रसिद्ध कवि द्वारा रचित हो । प्रतिभागी न्यूनतम 3 मिनट और अधिकतम 5 मिनट की अवधि के लिए अपना पाठ प्रस्तुत कर सकते हैं । कविता पाठ की शुरुआत कविता शीर्षक, कवि के नाम और संक्षिप्त परिचय से करनी होगी । कविता गाकर प्रस्तुत करना मान्य नहीं होगा, इसे केवल पाठ के रूप में प्रस्तुत करना होगा ।<br>मूल्यांकन के मानदंड: प्रतिभागियों का मूल्यांकन उनके उच्चारण की शुद्धता, भाव प्रदर्शन, स्वर और अभिव्यक्ति, नाटकीय उपयुक्तता और समग्र प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा । प्रतियोगी कविता को पढ़कर प्रस्तुत कर सकते हैं, लेकिन जो प्रतिभागी कविता को कंठस्थ करके प्रस्तुत करेगा उन्हें अतिरिक्त अंक दिए जाएंगे ।<br>Participants must choose a Hindi poem which can be self-composed or written by a well-known poet. The participants can present their recitation for a duration of minimum of 3 mins and maximum of 5 mins. Participants must start the recitation by introducing the title of the Poem, the name of the poet and a brief introduction of the poet. Singing the poem is not permitted, it must be recited.<br>Criteria for evaluation: Participants will be judged based on their pronunciation, gestures, voice and articulation, dramatic suitability and overall performance. Contestants are allowed to read the poem from the text, but bonus points will be awarded to those who recite it from memory. |
| **4.** | **आशुभाषण प्रतियोगिता / Extempore Speech Competition** |
| | प्रतिभागियों को उनके भाषण का विषय, प्रस्तुति से 5 मिनट पूर्व दिया जाएगा । प्रत्येक प्रतिभागी को भाषण प्रस्तुत करने के लिए 5 मिनट का समय दिया जाएगा, प्रतिभागियों को अपनी पूरी प्रस्तुति हिंदी भाषा में ही देनी होगी और भाषण में आपत्तिजनक और अपमानजनक टिप्पणी नहीं होनी चाहिए ।<br>मूल्यांकन के मानदंड: विषय की जानकारी और समझ, भाषण की स्पष्टता, भाषा की शुद्धता एवं प्रवाह और समग्र प्रस्तुति के आधार पर मूल्यांकन किया जाएगा ।<br>Participants will be given their topic 5 minutes prior to their presentation. Each participant will get 5 minutes to deliver their speech; the entire speech must be delivered in Hindi. Participants should avoid offensive or disrespectful remarks.<br>Criteria for evaluation: Evaluation will be based on the knowledge and understanding of the topic, clarity of presentation, accuracy and fluency of language and overall presentation. |
| **5.** | **पोस्टर डिज़ाइनिंग प्रतियोगिता / Poster Designing Competition** |
| | पोस्टर में प्रतियोगिता का विषय स्पष्ट रूप से दर्शाया जाना चाहिए । प्रतियोगिता की शुरुआत में थीम की घोषणा की जाएगी । पोस्टर मध्यम आकार के चार्ट पेपर (22x28 इंच/ 56x71 से.मी.) पर बनाया जाना |

| | |
|---|---|
| | चाहिए। *प्रतिभागियों को अपनी सामग्री (जैसे: चार्ट पेपर, रंग, मार्कर, पेंसिल आदि) स्वयं लानी होगी । चार्ट पेपर पर नामों का उल्लेख नहीं किया जाना चाहिए ।* प्रतियोगिता की शुरुआत में प्रत्येक प्रतिभागी को एक प्रतिभागी पहचान संख्या आबंटित की जाएगी, जिसका उल्लेख पोस्टर के पिछले हिस्से पर किया जाना चाहिए । प्रतियोगिता के लिए आबंटित कुल समय एक घंटा है ।<br>मूल्यांकन के मानदंड: (i) विषय की स्पष्टता (ii) रचनात्मक और कलात्मक प्रस्तुति (iii) रंग संयोजन और आकर्षण (iv) समग्र प्रस्तुति<br>The theme of the competition must be clearly depicted in the poster. The theme will be announced at the start of the competition. Posters must be made on a medium-sized chart paper (22x28 inches / 56x71 cm). *Participants must bring their own materials (e.g., chart paper, colours, markers, pencils, etc.). Names should not be mentioned on the chart paper.* A competitor ID number will be allotted to each participant at the start of the competition, which must be written on the reverse side of the poster. The total time allotted for the competition is one hour.<br>Criteria for evaluation: (i) Clarity of theme (ii) Creativity and artistic presentation (iii) Use of colours and overall appeal (iv) Overall presentation. |
| **6.** | **देशभक्ति गीत प्रतियोगिता / Patriotic Song Competition** |
| | गीत हिंदी भाषा में देशभक्ति पर आधारित होना चाहिए, जो राष्ट्र, उसके इतिहास या उसके मूल्यों को सम्मानित करें । राष्ट्रगान और राष्ट्रीय गीत प्रस्तुत करना अनुमत नहीं है । फिल्मी गाने अनुमत है । प्रत्येक समूह में कम से कम 5 और अधिकतम 8 प्रतिभागी हो सकते हैं । गीत की अवधि न्यूनतम 3 मिनट और अधिकतम 5 मिनट होगी । कराओके या पूर्व रिकॉर्ड किए गए संगीत का प्रयोग निषिद्ध है ।<br>मूल्यांकन के मानदंड: स्वर गुणवत्ता, लय और टाइमिंग, उच्चारण की स्पष्टता और शैली, मंच उपस्थिति और संगीतमयता के आधार पर मूल्यांकन किया जाएगा ।<br>The song must be in Hindi, based on a patriotic theme, honoring the nation, its history or its values. The National Anthem and National Song are not allowed. Film songs are permitted. Each group will have a minimum of 5 and maximum of 8 participants. Duration of the song should be a minimum of 3 mins and maximum of 5 mins. The use of karaoke or pre-recorded music is not permitted.<br>Criteria for evaluation: Judging will be based on the vocal quality and clarity, rhythm and timing, clarity of pronunciation and diction, stage presence and musicality. |
| **7.** | **एकल गीत प्रतियोगिता / Solo Song Competition** |
| | गीत हिंदी में होना चाहिए, जो फिल्मी या गैर-फिल्मी हो सकता है । गीत को न्यूनतम 3 मिनट और अधिकतम 5 मिनट की अवधि के लिए प्रस्तुत किया जा सकता है । कराओके या पहले से रिकॉर्ड किए गए संगीत के उपयोग की अनुमति नहीं है ।<br>मूल्यांकन के मानदंड: स्वर की गुणवत्ता, लय और टाइमिंग, उच्चारण की स्पष्टता और शैली, मंच उपस्थिति और संगीतमयता के आधार पर मूल्यांकन किया जाएगा ।<br>The song must be in Hindi and can be either a film song or a non-film song. The song can be presented for a duration of minimum of 3 mins and maximum of 5 mins. The use of karaoke or pre-recorded music is not permitted.<br>Criteria for evaluation: Judging will be based on the vocal quality, rhythm and timing, clarity of pronunciation and diction, stage presence and musicality. |